हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री



कलेक्टोरेट के सामने टाउन हाल से लेकर सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग।



## खबर संक्षेप

### डीएसपी चौधरी सिरगिट्टी टीआई, भारद्वाज कोटा

**बिलासपुर**। एसएसपी रजनेश सिंह ने कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें थाने से रिलीव कर सिरगिट्टी थाने का प्रभारी बनाया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई शशिकांत भारद्वाज को कोटा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की बैठक आज

**बिलासपुर**। प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की बैठक 26 जुलाई को सामुदायिक भवन तिलकनगर चांटापारा सामाजिक परिचय सम्मेलन व नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा है। उपरोक्त कार्यक्रम की रूपरेखा के निर्धारण करने सामाजिक सदस्यों व वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन अति आवश्यक है। इस पर चर्चा करने 24 जुलाई को शुक्रवार को उसलापुर ओवर ब्रिज के पास सुभाष कॉम्प्लेक्स स्थित एबैक्स कोचिंग क्लासेस में सामाजिक बैठक परिचर्चा होगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे से 1 बजे है। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### बाबा धाम यात्रा : साउथ बिहार एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें फुल

**बिलासपुर**। बाबा धाम यात्रा के लिए साउथ बिहार एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में कंफर्म बर्थ लेने मारामारी शुरु हो गई है। वेटिंग के आंकड़ें ने शतक पार कर दिया है, जिसके कारण यात्रियों को तत्काल में भी कंफर्म टिकिट मिलना मुश्किल हो गया है।

पिछले साल 2 बच्चों की हो चुकी है मौत, विभाग ने आनन-फानन में लगाया कैंप

# कोटा में मिले मलेरिया के 3 मरीज, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में एक बार फिर मलेरिया ने दस्तक दे दी है। कोटा औरापानी गांव में एक ही घर के 3 बच्चों को मलेरिया ने अपने शिकंजे में ले लिया है, जिसमें एक बच्चे की हालत नाजुक है। जिसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है।



कोटा क्षेत्र के औंरापानी, सेमरिया और मझगांव जैसे इलाकों में मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। शुक्रवार को औरापानी गांव के एक ही परिवार के 3 बच्चों को मलेरिया हो चुका है। बताया जा रहा है कि औंरापानी निवासी रामलाल यादव पिता दशरत लाल गांव में ही किसानी करते हैं। उनके 3 बच्चे हैं। जिसमें हेमलता यादव, राकेश यादव और लवकेश यादव को मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। राम लाल यादव ने बताया कि 14 वर्षीय राकेश यादव की हालत नाजुक है, उसे 3 से 4 दिनों से बुखार आ रहा है और अब चक्कर आने पर उसे कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया था, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर सीधे सिम्स भेज दिया गया है। सिम्स के ट्राइएज में 1 और एनआईसीयू में 2 बच्चों को भर्ती कराया गया है।

### 250 लोगों की हुई जांच

स्वास्थ्य विभाग को कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिलने की जानकारी मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने आनन फानन में कैंप लगाया और 250 लोगों की जांच की गई है। शुक्रवार को भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र में कैंप लगकर जांच की जाएगी। ज्ञात हो कि हर साल कोटा क्षेत्र में मलेरिया के मरीज मिलते हैं। बारिश के दिनों में यहां मलेरिया की बीमारी आम बात हो जाती है, पिछले साल 1 बच्चे की मौत हो चुकी है, वहीं साल 2024 में 7 लोगों की मौत मलेरिया से हो चुकी है।

### लगाया गया है कैंप

3 बच्चों के मलेरिया से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है, इलाज के लिए सिम्स भेजा गया है। विभाग ने कैंप लगाया है, अन्य लोगों की पुष्टि नहीं हुई है।

-**डॉ प्रमोद तिवारी**, नोडल अधिकारी, मलेरिया

# पंप हाउस में पीपल का पेड़ गिरा, युवती घायल

**बिलासपुर**। कुदुदंड इलाके में गुरूवार को पंप हाउस की बाउंड्री पर विशाल पीपल का पेड़ गिर गया, जिससे बाउंड्री वॉल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हादसे में करीब 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई है।



कुदुदंड में एक बड़ा हादसा टल गया है, पंप हाउस में लगा वर्षो पुराना पीपल का पेड़ ढह गया। पेड़ की जद में आने से बाउंड्रीवाल धराशाही हो गया है और बिजली के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए । बताया जा रहा है कि विशाल पेड़ गिरने से सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि यह जगह नगर निगम का है लेकिन हादसे के काफी देर तक नगर निगम या प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पेड़ गिरने की आवाज से आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान पेड़ के नीचे घायल सानिया यादव को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने जर्जर और खतरनाक पेड़ों की जल्द पहचान कर उन्हें हटाने की मांग की है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत** : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,

.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





## खबर संक्षेप

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जायसवाल जिला आयुक्त



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग द्वारा दिनेश जायसवाल को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बिलासपुर में जिला मुख्यालय आयुक्त बिलासपुर के पद पर आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अनुशंसा से राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा ने की है।

### पानी निकासी की समस्या दूर करने मेयर ने रेलवे क्षेत्र का किया दौरा



**बिलासपुर।** रेलवे क्षेत्र के वार्ड में बारिश का पानी भरने के कारण परेशान लोगों की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम महापौर पूजा विधानी ने रेल अफसरों से चर्चा करते हुए पानी निकासी की समस्या का समाधान करने या फिर नगर निगम को क्षेत्र में काम करने की अनुमति देने कहा है, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो सके। रेलवे क्षेत्र में सात से अधिक वार्ड हैं, जहां रेल कर्मचारियों की संख्या काफी अधिक है। यहां पार्षद चुनाव के अलावा महापौर व विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में रेल कर्मचारी और उनके परिजन मतदान करने जाते हैं। कर्मचारी और उनके परिजन को नगर निगम से सारी सुविधा भी मिलती है। इन सबके बावजूद रेल प्रशासन अपने क्षेत्र में नगर निगम को किसी तरह का काम करने की अनुमति नहीं देता है। इसका भुगतान कर्मचारी व उनके परिजन को भुगतना पड़ रहा है। कालोनियों कें साथ बीच सड़क में गड्ढे.व धूल से परेशानी होती है, वहीं सबसे अधिक समस्या बारिश के मौसम में पानी गिरने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है। बारिश से जलभराव की समस्या की शिकायत मिलने के बाद नगर निगम महापौर पूजा विधानी ने रेलवे क्षेत्र के पार्षदों, निगम व रेल अफसरों के साथ रेलवे क्षेत्र के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान सिरगिट्टी गोविंद नगर, रेलवे परिक्षेत्र के आसपास की कालोनियों व अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या दिखाई दी, जहां निकासी नहीं होने के कारण काफी परेशानी हो रही थी। महापौर ने पार्षदों व रेल अफसरों से कहा कि काफी समय से निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण रेलवे क्षेत्र में जलभराव की समस्या होती है। निगम प्रशासन जब यहां व्यवस्था बनाने पहल करती है तो रेलवे की ओर से आरपीएफ को भेजकर काम रूकवा दिया जाता है। रेल प्रशासन ने पूर्व में 99 लाख रुपए जमा कराने पर निर्माण की परमिशन देने की बात कही थी, लेकिन बाद में रेल अफसर मुकर गए। रेलवे क्षेत्र का पानी बारिश में व्यापार विहार, टिकरापारा और शहर के निचले हिस्सों में भरता है। उन्होंने रेल प्रशासन से कहा कि वे अपने क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था करें, या फिर भाजपा पार्षद दल शहरवासियों के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

प्रशासनिक भवन के सामने की नारेबाजी, पेपर लीक मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# सीयू में पेपर लीक मामले को लेकर लॉ के छात्रों ने किया घेराव प्रदर्शन, बैकफुट में आया प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पेपर लीक कांड के चलते बीए-एलएलबी छठवे सेमेस्टर की समस्त परीक्षा निरस्त कर दिया गया है। इससे लॉ डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राएं भड़क उठे हैं। लॉ के छात्रों ने गुरुवार को इसी मुद्दे को लेकर यूनिवर्सिटी का घेराव, विरोध प्रदर्शन किया और पेपर लीक मामले में दोषियों की पहचान सार्वजनिक कर उनके ऊपर कार्रवाई किए जाने की मांग रखी। इसके बाद बैकफुट में आते हुए यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने आनन-फानन में रात में बैठक बुलाकर दूबारा परीक्षा के आदेश को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

- दुबारा परीक्षा के आदेश को किया स्थगित

सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा लॉ डिपार्टमेंट अंतर्गत बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की पूरी परीक्षा निरस्त किए जाने से छात्र-छात्राओं में भारी नाराजगी है। लॉ के छात्र-छात्राएं आज डिपार्टमेंट में एकत्रित हुए और वहां से दोपहर करीब 3 बजे नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचकर घेराव, विरोध प्रदर्शन किए। इस दौरान यूनिवर्सिटी प्रशासनिक भवन में हंगामा मचा रहा और सूचना मिलते ही पुलिस बल भी यूनिवर्सिटी पहुंच गई। छात्र-छात्राएं प्रशासनिक भवन के सामने जमीन पर बैठक यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। एक घंटे से अधिक समय तक छात्रों का यह घेराव प्रदर्शन चलता रहा। उसके बाद यूनिवर्सिटी के अन्य अधिकारियों के साथ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित छात्रों से मिलने पहुंचे और उनकी बातों को यूनिवर्सिटी के मिंटिंग में रखने का आश्वासन दिया।

लॉ के छात्रों का कहना था कि यूनिवर्सिटी ने बीए-एलएलबी की परीक्षा निरस्त कर दी गई है जबकि पेपर लीक मामले में कौन-कौन दोषी है उनकी पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। छात्रों का कहना है कि पेपर लीक मामले के दोषियों पर पहले दंडात्मक कार्रवाई किया जाना चाहिए, उसके बाद ही दुबारा परीक्षा कराना न्यायसंगत होगा।



### दुबारा परीक्षा आदेश को निरस्त करने रखी थी मांग

लॉ के छात्रों के घेराव, प्रदर्शन के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने 27 जुलाई से दूबारा परीक्षा लिए जाने के आदेश को अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। इससे पूर्व सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने लॉ डिपार्टमेंट अंतर्गत बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की 7 मई से 28 मई तक हुई समस्त परीक्षा को रद्द कर दिया है। इसके साथ सेमेस्टर परीक्षा का रि-शेड्यूल जारी कर किया गया है, जिसके तहत बीए-एलएलबी की परीक्षा अब 27 जुलाई से पुनः आयोजित की जाएगी। परीक्षा निरस्त किए जाने के बाद ही दो दिन पहले लॉ के छात्रों ने यूनिवर्सिटी में हंगामा विरोध प्रदर्शन किया था। आज फिर यूनिवर्सिटी में घेराव, विरोध प्रदर्शन के दौरान लॉ के छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के समक्ष 27 जुलाई से दूबारा प्रस्तावित परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग रखी है।

### अधिसूचना जारी की गई थी

यूनिवर्सिटी की ओर से लॉ डिपार्टमेंट अंतर्गत बीए-एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा का निरस्त कर 27 जुलाई से दुबारा परीक्षा आयोजित किए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी। उक्त दुबारा परीक्षा के आदेश को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

## विधायक अमर ने ली मोहल्ला विकास समितियों की बैठक



**बिलासपुर।** विधायक अमर अग्रवाल ने अपने निवास कार्यालय में शाला विकास समिति तथा विभिन्न मोहल्ला विकास समितियों के सदस्यों के साथ बैठकें कर शिक्षा, जनसुविधाओं और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

बैठक की शुरुआत शाला विकास समिति के सदस्यों के साथ हुई, जिसमें विद्यालयों के समग्र विकास, विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए उन्हें भविष्य की कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया गया। पश्चिमी एवं दक्षिण मोहल्ला विकास समिति, मध्य एवं पूर्वी मोहल्ला विकास समिति तथा रेलवे मंडल एवं उत्तर मंडल मोहल्ला विकास समिति के सदस्यों के साथ अलग-अलग बैठक ली गई। इन बैठकों में क्षेत्र के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया तथा विकास संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसहभागिता किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की सबसे बड़ी शक्ति होती है। विकास समितियों के सुझावों और नागरिकों की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा।

## एसईसीएल में कोयला डिस्पैच को पारदर्शी बनाने पहल

**बिलासपुर।** एसईसीएल में कोयला डिस्पैच व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, दक्ष एवं प्रभावी बनाने की दिशा में सतर्कता विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।



निवारक सतर्कता के अंतर्गत एसईसीएल की प्रमुख खदानों गेवरा, दीपका, कुसमुंडा एवं रायगढ़ में समर्पित ट्रक डिस्पैच मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इन कंट्रोल रूम का विकास एसईसीएल द्वारा इन-हाउस किया गया है, जो संगठन की तकनीकी क्षमता, नवाचार और विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय को दर्शाता है। इन कंट्रोल रूम में रियल-टाइम डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से ट्रकों की आवाजाही, डिस्पैच की स्थिति तथा परिचालन संबंधी संभावित बाधाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। सतर्कता विभाग की इस पहल का उद्देश्य केवल अनियमितताओं की पहचान करना ही नहीं, बल्कि प्रणालीगत सुधार के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों की रोकथाम करना है, जो डिस्पैच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब, अक्षमता अथवा पारदर्शिता की कमी का कारण बन सकती हैं। रियल-टाइम मॉनिटरिंग के माध्यम से संभावित बाधाओं की शीघ्र पहचान कर समयबद्ध हस्तक्षेप संभव होगा तथा संबंधित हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

### डिस्पैच व निकासी की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलने की उम्मीद

इस पहल से ट्रक टर्नअराउंड टाइम को कम करने, वाहनों के निर्गमन में होने वाले विलंब को न्यूनतम करने तथा कोयला डिस्पैच एवं निकासी की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलने की उम्मीद है। साथ ही, रियल-टाइम डेटा के आधार पर त्वरित एवं तथ्यपरक निर्णय लेने में भी सुविधा होगी। यह पहल केंद्रीय सतर्कता आयोग की निवारक सतर्कता की भावना के अनुरूप प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता को मजबूत करने की दिशा में एसईसीएल के सतर्कता विभाग के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। डिजिटल तकनीक, रियल-टाइम निगरानी और सक्रिय परिचालन प्रबंधन के समन्वय से एसईसीएल का सतर्कता विभाग कोयला डिस्पैच व्यवस्था में पारदर्शिता एवं प्रणालीगत सुधार को बढ़ावा देने के साथ-साथ तकनीक-सक्षम खनन एवं लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

## पर्यावरण प्रेमी मंच ने किया क्रांतिवीर चन्द्र शेखर आजाद की जयंती पर पौधरोपण



**बिलासपुर।** पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा क्रांतिवीर चन्द्र शेखर आजाद की जयंती पर पौधारोपण किया गया। मंच के अध्यक्ष सुदेश दुबे एवं महामंत्री अमीन मुगल ने बताया कि मंच द्वारा पिछले 46 वर्षों से चन्द्र शेखर आजाद की जयंती से पौधारोपण अभियान चलाया जाता है जो सितंबर तक निरंतर चलता है। प्रत्येक पौधा नगर के विभिन्न समाजसेवियों की स्मृति में रोपित किया जाता है और इन पौधों का संरक्षण भी मंच के सदस्य करते हैं। इस अवसर पर शिवा मिश्र, निलेश माढेवार,अमीन मुगल गौरव एरी, संजय सोनी, बाबी थामस, बलविंदर सिंह छाबड़ा, भरत जुर्यानी, अनूप केसरवानी,भरत देवांगन, राजेश केशरवानी, विवेक केशरवानी, सिद्धांत दुबे आदि मौजूद थे।

## भारत व्यापार महोत्सव 12 से



**बिलासपुर।** व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट बिलासपुर अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने बताया कि कैट द्वारा 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत व्यापार महोत्सव शुरू होगा। इसके लिए आज कैट छत्तीसगढ़ की बैठक प्रदेश कार्यालय रायपुर में हुई।

बैठक की अध्यक्षता कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने की। बैठक में सरगुजा से बस्तर तक प्रदेश के 26 जिलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा प्रत्येक जिले से अधिकतम संख्या में बिजनेस डेलीगेट पंजीयन कराने का संकल्प लिया। कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में विक्रम सिंह देव, जीतेन्द्र दोषी, परमानंद जैन, अवनीत सिंह, सुरेंदर सिंह, जीवत बजाज, वाशु मखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज, हाजीवली, मोहम्मद, मो.अली हीरानी, कन्हैया गुप्ता, दीपक विधानी, मुकेश मोटवानी, रतनदीप सिंह, मधु अरोरा, पिंकी अग्रवाल, नवीन शमार्, हीरानंद जयसिंह, राजू डागा, प्रकाश सांखला आदि मौजूद थे

## कारतूस चोरी करने वाले आरोपी को जेल

**बिलासपुर।** एक साल पहले आईटीबीपी के जवान के कारतूस, मैगजीन चोरी करने वाले आरोपी को 6 साल के लिए जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बिहार निवासी आईटीबीपी के सहायक उपनिरीक्षक योगेंद्र प्रसाद ओझा पिता देवकांत ओझा 35 साल हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे। उनका बैग बिलासपुर से ट्रेन रवाना होने के बाद बिलासपुर भाटापारा के बीच चोरी हो गया, जिसमें 2 नग 9 एमएम ऑटो पिस्टल, 24 नाग कारतूस और 4 नग खाली मैगजीन थे। बिलासपुर जीआरपी की टीम ने छानबीन करने के बाद आरोपी बलौदा बाजार भाटापारा निवासी रंजीत मरकाम पिता रामचरण मरकाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से बैग जब्त किया गया।

### धोखाधड़ी से किया सफर, लगा अतिरिक्त जुर्माना

रेल प्रशासन ने नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने से जन विश्वास अधिनियम के संशोधित दंड प्रावधान को लागू किया है। इसमें बिना टिकिट अथवा धोखाधड़ी पूर्वक सफर करने पर लगाए जाने वाले जुर्माने व न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार को 500 रुपए, रेल परिसर व ट्रेन में नशे की हालत में उपद्रव व अशोभनीय व्यवहार पर 1000 रुपए, धूम्रपान, भीख मांगना, आरक्षित कोच में अनाधिकृत प्रवेश व सामान ले जाने संबंधी नियम का उल्लंघन करने पर 2000 रुपए, महिलाओं के आरक्षित कोच में सफर करने वाले पुरुष यात्रियों से 2500 रुपए और 10 हजार रुपए जुर्माना किया गया है।

## कन्या शाला में दुबे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



**बिलासपुर।** पीएमश्री, सेजेस कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकण्डा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करने भारत सरकार द्वारा जारी विद्यालय प्रबंधन समिति 2026 के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विद्यार्थियों के अभिभावक शिक्षाविद् जनप्रतिनिधि, शिक्षक सम्मिलित हुए। बैठक में सर्व सम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिसमें वार्ड पार्षद अंचल दुबे को अध्यक्ष, पूर्व वार्ड पार्षद पुष्पा तिवारी को उपाध्यक्ष आरएस राजपूत को शिक्षाविद् एवं डॉ. मोहन पटेल को विषय विशेषज्ञ एवं शाला प्राचार्य डॉ गायत्री तिवारी को पदेन सचिव चुना गया। समिति में कुल 27 सदस्यों का चयन किया गया। शाला प्राचार्य के नेतृत्व में हो रहे शाला विकास के कार्यों की सबने मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन जय चक्रवर्ती द्वारा एवं रामानी सोनी पाण्डेय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर शाला सांसद प्रतिनिधि दीपा शर्मा, विभा पाण्डेय, अपराजिता सिंह, राजेश्वरी पाण्डेय, रूकमणी सिंह, हेमन्त तिवारी, दीपा जगत, उमा कश्यप, लक्ष्मी मरकाम, कौशिल्या साहू, माधुरी कौशिक, पुष्पलता सिदार, प्रवीण मिश्रा, हेमन्त नायक, सरस्वती ठाकुर प्र.पा., मधु पाण्डेय, कौशल प्रसाद कौशिक, सोनिया राजपूत एवं सत्यनारायण राव मौजूद थे।

## नाइसटेक शुरू करेगा पूर्णतः निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स

**बिलासपुर।** प्रशिक्षण नाइसटेक इंदगाह चौक बिलासपुर में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामान्य वर्ग के बीपीएल एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पात्र छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है।

NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1992
एजुकेशन प्लस

इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कई दो रोजगारोन्मुखी कंप्यूटर पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर बेसिक्स, एम.एस. ऑफिस, इंटरनेट, ई-मेल, डेटा एंट्री, ऑफिस ऑटोमेशन, टैली प्राइम, अकाउंटिंग, बिलिंग, पब्लिशिंग एवं डीटीपी सहित आधुनिक उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण एनएसक्यूएफ लेवल - 3 अनुरूप 360 घंटे एवं 150 घंटे का होगा।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने एवं परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा जारी एनसीवीईटी मान्यता प्राप्त, डिजिटल रूप से सत्यापित प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिसकी मान्यता पूरे भारत में है। संस्थान द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण 1 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे 31 जुलाई तक अपना प्रवेश फॉर्म एवं आवश्यक दस्तावेज जमा कर पंजीयन सुनिश्चित कर लें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कुल 150 सीटें उपलब्ध हैं। सीमित सीटों के कारण पात्र अभ्यर्थियों का चयन निर्धारित नियमों एवं उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





# शिवालयों में 30 से गूंजेगा हर-हर महादेव

## मंदिरों में रूद्राभिषेक व जलाभिषेक होगा, सावन में इस बार पड़ रहे 4 सोमवार

श्रावण मास का प्रारंभ 30 जुलाई से होने जा रहा है, महादेव की भक्ति का यह पवित्र महीना अगले 28 अगस्त तक चलेगा श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन के साथ इसका समापन होगा। शिवालयों में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' की गूंज सुनाई देगी।

**बिलासपुर।** देवों के देव महादेव को समर्पित यह पवित्र महीना लगभग 30 दिनों तक रहेगा। सावन का प्रत्येक दिन धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, लेकिन सोमवार का महत्व सबसे अधिक माना जाता है। मान्यता है कि, इस पूरे माह भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शास्त्रों में भगवान शिव को सबसे शीघ्र प्रसन्न होने वाला देवता बताया गया है।

कहा जाता है कि वे सच्ची श्रद्धा से अर्पित केवल एक लोटा जल भी स्वीकार कर भक्तों पर अपनी कृपा बरसा देते हैं। ऐसे में यदि आप भी इस बार सावन सोमवार व्रत रखने का विचार कर रहे हैं, तो आइए विस्तार से सावन सोमवार की तिथियों को जानते हैं। पंचांग के मुताबिक, इस साल सावन के महीने में कुल 4 सोमवार पड़ रहे हैं। सावन में मध्यनगरीय अष्टमुखी शिव मंदिर, सदर बाजार लक्ष्मी नारायण मंदिर, पीतांबरा पीठ सरकंडा, नंदीवर मंदिर सरकंडा में विशेष पूजन,रुद्राभिषेक होगा। सावन सोमवार में भक्तों को परेशानी न हो, इसकी तैयारी के लिए बैठकें हो रही हैं। बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को मनाया जाएगा और इसी दिन सावन मास का समापन भी होगा।

### सावन सोमवार व्रत का धार्मिक महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के सोमवार का व्रत रखने और विधि-विधान से शिवलिंग पर गंगाजल, कच्चा दूध, बेलपत्र, धतूरा, अक्षत और भांग अर्पित करने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि सावन के सोमवार का व्रत रखने से कुंडली के दोष दूर होते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जहां अविवाहित जातक सुयोग्य जीवनसाथी की कामना के लिए यह व्रत करते हैं, वहीं विवाहित लोग अपने पारिवारिक जीवन में सुख, शांति, दीर्घायु और समृद्धि के लिए भोलेनाथ की शरण में आते हैं।

### इस-इस दिन पड़ेगा सोमवार

सावन का प्रथम सावन सोमवार 3 अगस्त को पड़ रहा है, दूसरा सावन सोमवारः 10 अगस्त को पड़ेगा। इसी तरह तीसरा व चौथा सोमवार 17 व 24 अगस्त को पड़ रहा है। इस सावन में चार सोमवार पड़े रहे है,जिसमें भोलेनाथ की भक्ति में भक्त डूबे रहेंगे।



### नागपंचमी 17 व हरियाली अमावस्या 12 को

नाग पंचमी इस बार 17 अगस्त को तीसरे सोमवार के साथ मनाई जाएगी। सनातन परंपरा में नाग देवता की पूजा सुख-समृद्धि, परिवार की रक्षा और कालसर्प दोष सहित विभिन्न कष्टों से मुक्ति के लिए की जाती है। सावन मास में 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी। इसे प्रकृति के प्रति आभार और पितरों की आत्मा की शांति के लिए शुभ और पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन महिलाएं शहर के बाग-बगीचों में हरे पेड़ों के नीचे भोजन करेंगी और भोगिशैल परिक्रमा के मंदिरों में दर्शन के लिए जाएंगी। परंपरा के अनुसार पीपल, बरगद, नीम, आंवला और तुलसी के पौधे लगाने का भी विशेष महत्व है।

### शिवरात्रि 11 अगस्त को

सावन मास की शिवरात्रि 11 अगस्त को मनाई जाएगी और पूरे महीने मंदिरों में भगवान शिव की विशेष पूजा, रुद्राभिषेक और श्रृंगार होगा। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त सुबह 9.09 बजे से शुरू होकर 28 अगस्त सुबह 9.48 बजे तक रहेगी। शास्त्रानुसार उदय तिथि के आधार पर रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा।

हेल्थ लाइव

## 24 साल से नहीं खुलता था मुंह सिम्स के डाक्टरों ने किया कमाल



**बिलासपुर।** सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग ने कमाल कर दिया है। 24 साल से जिन मरीज का मुंह पूरी तरह से नहीं खुल रहा था, उसके जबड़ें का आपरेशन कर काफी राहत दी है। मरीज पूरी तरह से स्वास्थ्य हो चुका है।



बताया जा रहा है कि मुंगेली जिले के अमलीकांपा निवासी मुकेश निषाद (बदला हुआ नाम)के अविकसित जबड़े के कारण बचपन से मुंह सही तरह से नहीं खुलता था।24 वर्ष की आयु होने के बाद उसने इलाज के लिए सिम्स को चुना और 2-3 महीने पूर्व बड़ी उम्मीद से सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग पहुंचा। बंद मुंह एवं नीचे का जबड़ा छोटा एवं अविकसित होने के कारण उसे कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही थी। सिम्स के डाक्टरों ने जांच में पाया कि बचपन में चोट लगने की वजह से कान के पास की जबड़े की जोड़ का विकास रूक गया था जिससे उसका नीचे का जबड़ा अविकसित रह गया है। वहीं मुंह बंद रहने के कारण महज तरल खाद्य पदार्थ ही पीता था जिससे समय के साथ ही वह कुपोषण का शिकार हो गया। सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग ने जांच शुरू की और खून जांच, सीबीसीटी अन्य एक्स-रे कराया है। डाक्टरों ने मरीज के गले में छेद कर नली (ट्रैटॉमी ) डालकर बेहोश किया गया और 7 घंटे की लंबी जटिल सर्जरी कर अविकसित जबड़े को व्यवस्थित किया गया है। सर्जरी में मरीज के नीचे के जबड़े के दोनों तरफ डिस्टक्शन व स्क्रू लगाया जिससे 3-4 महीने में नीचे का जबड़ा धीरे-धीरे बढ़ने लगेगा। मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो चुका है।

### इन डाक्टरों का रहा है सहयोग

दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष एवं ओरल एंड मैक्सिलोफेसियल सर्जन डॉ. संदीप प्रकाश, डॉ. जण्डेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी किनीकर, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल ने आपरेशन किया है। निश्चेतना एचओडी डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ. मिल्तान देवबरमा, डॉ. अर्चना सिंह का विशेष सहयोग रहा।

पहल

## चोपड़ा दंपती ने लिया देहदान का संकल्प, समाज ने की सराहना



**बिलासपुर।** समाज सेवा संवेदना एवं परोपकार की भावना को चरितार्थ करते हुए क्रांति नगर निवासी हीरचंदजी चोपड़ा तथा उनकी धर्मपत्नी कांतादेवी चोपड़ा ने अपने निधन के उपरांत देहदान करने का संकल्प लिया है। उनका यह निर्णय समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय माना जा रहा है।

इस पुनीत संकल्प की प्रेरणा उन्हें अपने बड़े भाई स्वर्गीय शांतिलाल चोपड़ा से मिली। उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप, निधन के पश्चात उनका पार्थिव शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के उद्देश्य से रायपुर मेडिकल कॉलेज को समर्पित किया गया था। उसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए हीरचंदजी एवं कांतादेवी ने भी मृत्यु उपरांत मानवता की सेवा का यह श्रेष्ठ मार्ग अपनाने का निर्णय लिया।उनके इस महान एवं समाजोपयोगी निर्णय का उनके पुत्र संजय चोपड़ा, सुनील चोपड़ा एवं संजीव चोपड़ा, पुत्री संगीता तथा दामाद डॉ अजय ओसवाल ने पूर्ण सहमति, श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्वागत किया है। नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, मित्र अनिलजी टाह, राजेशजी चौकसे तथा अन्य शुभचिंतकों ने चोपड़ा दम्पति के इस निर्णय की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद एवं अनुकरणीय कदम बताया है। चोपड़ा परिवार ने समाज के सभी नागरिकों से अपील की है। कि वे इस विषय पर सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएँ तथा मृत्यु उपरांत भी मानवता की सेवा के इस महान कार्य से जुड़ने का संकल्प लें।

आयोजन

## ड्रीमलैंड स्कूल में बैच अलंकरण समारोह का आयोजन




**बिलासपुर।** ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में बैच अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड्रीमलैंड स्कूल की प्राचार्य निवेदिता सरकार एवं वाइस प्राचार्य तपोषी सरकार थीं।

स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को चार हाउस में विभाजित किया गया। अजंता एलोरा, नालंदा ,तक्षशिला, अजंता हाउस के ग्रुप लीडर आशा पवार, एलोरा हाउस की ग्रुप लीडर डॉ रितु उपाध्याय , नालंदा हाउस की ग्रुप लीडर दिव्या सिंह एवं तक्षशिला हाउस के ग्रुप लीडर संचित दिग्रसकर को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। हेड बॉय नैतिक कश्यप, हेड गर्ल प्राची कौशिक, स्कूल हेड बॉय ओमी कुंभकार ,स्कूल हेड गर्ल श्रेयांशी सिंह धुर्वे, स्कूल हेड बॉय वाइस कैप्टन महेश बुनकर,आयुष श्रीवास, आशुतोष सिंह ,स्कूल हेड गर्ल कप्तान ,शीतल पटेल ,चेतन धुर्वे अक्षिता सिंह,अजंता हाउस बाय कैप्टन, आयुष्मान गौराहा, गर्ल कैप्टन साक्षी मानिकपुरी, एलोरा हाउस के बॉयज कैप्टन ,मानव देवांगन गर्ल्स कैप्टन , श्रेयांसि श्रीवास ,नालंदा हाउस के बॉयज कैप्टन ,नित्य वीर सिंह ठाकुर, गर्ल्स कैप्टन ,मौली गुप्ता, तक्षशिला हाउस के बॉयज कैप्टन ,आयुष निर्मलकर, गर्ल्स कैप्टन ,अंजली सिंह ठाकुर ,शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सभी चयनित विद्यार्थियों ने ईमानदारी ,निष्ठापूर्वक एवं अनुशासन में रहते हुए अपने कार्य को करने का शपथ लिया । कार्यक्रम का संचालन सैमुअल ने किया।

### डीपीएस के प्री-प्राइमरी विंग में क्ले मॉडलिंग एक्टिविटी

## क्ले की सहायता से नन्हें बच्चों ने बनाई विविध आकृतियां

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में शुक्रवार को प्री-प्राइमरी विंग में क्ले मॉडलिंग एक्टिविटी का सफल आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न रंग के क्ले की सहायता से विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाई। जिसमें फल, सब्जियां, जंगल, प्राकृतिक चित्र शामिल रहा।



**बिलासपुर।** इस गतिविधि में बच्चों ने अपनी नई कलात्मक शक्ति और विचारधारा का प्रदर्शन किया। शिक्षिकाओं ने छात्रों के कार्यों की सराहना की और उन्हे प्रोत्साहित किया। यह गतिविधि सभी बच्चों के लिए मनोरंजक और उत्साहवर्धक रही। इस गतिविधि की निर्णायक राजनीर कौर व आरती गुप्ता ने उचित निर्णय परक किया। नर्सरी में-अरुणोदय प्रताप सिंह, हमजा खेमानी, सुनिष्का मिश्रा, श्रीनिका रंजन, पृषा वर्मा, त्रिशिका साहू, श्रीनिधि पांडेय, नायरा मंगवानी, एलकेजी में घनीश पमनानी, गुरबानी कौर गुंबर, अन्वी सिंह, अनिका कश्यप, सायशा चंद्रा, आद्या कश्यप, विराज मार्दा, हरजोत चहल, यूकेजी में अंश अमोल पेड़ेगांवकर, अयांश पाटनवार, भक्ति अग्रवाल, आयरा कलवानी, अवीर जयसवाल, दृश्य वाधवानी, अवध मिश्रा, दिवीज मिश्रा को स्थान मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य जसपाल सिंह मथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आरसी. मोहंती ने इस गतिविधि की सराहना करते हुए बताया विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता है जो बच्चों के विकास के क्षेत्र व मनोरंजन में सहायक होता है।

## आषाढ़ी एकादशी पर कल निकाली जाएगी दिण्डी यात्रा

**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम मंदिर समिति तिलकनगर बिलासपुर द्वारा शनिवार 25 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी पर भगवान श्री की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। पालकी नगर भ्रमण करते हुए प्रमुख मार्गो के मंदिरों को दर्शन देकर पुनः राम मंदिर पहुंचेगी।

- श्रीराम मंदिर समिति
- तिलकनगर का आयोजन

पालकी यात्रा 5 बजे से प्रारंभ होकर देहनकर बाड़ा, हनुमान मंदिर, विठ्ठल मंदिर से मेन रोड होते हुए व्यंकटेश मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, सीताराम मंदिर, राजाराम मंदिर गोड़पारा, पचरीघाट, शनिचरी पड़ाव से जगन्नाथ मंदिर, सावजी जूना बिलासपुर से मुख्य मार्ग होते हुए मां काली मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर से दर्शन देते हुए पुनः श्रीराम मंदिर आएगी। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने श्रीराम मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हैं। समिति की ओर से पालकी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया गया है।



## मौसी मां मंदिर से आज निकाली जाएगी बहुड़ा यात्रा

### श्री मंदिर में महाप्रभु के सम्मान में की जा रही सजावट

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित मौसी मां मंदिर से शुक्रवार 24 जुलाई को बाजे-गाजे व कीर्तन की धुन के साथ बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। रास्ते भर भगवान का फूल बरसा एवं प्रसाद बांट कर स्वागत किया जाएगा। इधर श्री मंदिर में महाप्रभु के आने के इंतजार के साथ मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक ढ़ंग से सजाया जा रहा है।

रथयात्रा के बाद महाप्रभु जगनाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपने मौसी मां के घर में हैं। वहां उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं भक्त भी महाप्रभु को अपने बीच पाकर प्रसन्न हैं। भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने भक्तजन निरंतर आ रहे हैं एवं विविध तरह के पकवान महाप्रभु को अर्पित कर रहे



हैं। वहीं रात्रि में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद ले रहे हैं। गुरुवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इसमें कनक साहू ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। शुक्रवार 24 जुलाई को दोपहर दो बजे बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी।

भगवान मौसी मां के घर से श्रीमंदिर वापस जाएंगे। बहुड़ा यात्रा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बलराम प्रसाद साहू पूजा करेंगे। छेरा पहरा की रस्म सेवानिवृत्त अधिकारी गोपाल कृष्ण राय निभाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान, उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

### इन रास्तों से होकर गुजरेगी

बहुड़ा यात्रा मौसी मां मंदिर से निकल कर बंगाली स्कूल, तोरवा थाना, पोस्ट आफिस चौक, जगमल चौक, दयालबंद, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, तारबाहर चौक, गिरजा चौक, सोलापुरी माता चौक, स्टेशन चौक, तितली चौक होते हुए श्री मंदिर पहुंचेगी। यहां नाराज माता लक्ष्मी मंदिर का पट बंद कर दी रहती हैं। काफी मान-मनौव्वल व मीठा खिलाने के बाद महाप्रभु को अंदर जाने देती हैं। इसके बाद श्री मंदिर के गर्भ गृह में महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व माता सुभद्रा को स्थापित कर दिया जाएगा।

स्पोर्ट्स न्यूज

## संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में बिलासपुर की हॉकी टीम ने किया क्वालीफाई

**बिलासपुर।** संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन बेहतराई स्टेडियम में किया गया प्रतियोगिता में कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर की बालक -बालिकाओं की 15 वर्ष एवं 17 वर्ष बालक व 17 वर्ष बालिकाओं की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक धनीराम यादव ने बताया कि नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में केवल एक ही विद्यालय की टीम भाग ले सकती है,टीम के पूरे खिलाड़ी एक ही विद्यालय के होने अनिवार्य होते हैं। राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का 26 जुलाई से आयोजित होनी है, खेले गए



प्रतियोगिता में 15 वर्ष बालक के फाइनल मुकाबले में जांजगीर को 2=0 से हराकर कोरबा ने विजेता का खिताब जीता। 17 वर्ष बालिकाओं में जांजगीर ने कोरबा को 2=0 से हराकर विजय रहा,17 वर्ष बालक में बिलासपुर ने कोरबा को 3=0 से हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय क्रीड़ा अधिकारी जीडी गर्ग, व्यायाम शिक्षक कलेश्वर कश्यप, निशा दुबे आशीष मिश्रा शाहिद हुसैन मधु राजे कृष्ण गढ़वाल गोपेश्वर एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। लिंगियाडीह स्कूल की टीम ने शानदार जीत पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एम,के मिश्रा एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## जिला तैराकी संघ की सब जूनियर एवं जूनियर तैराकी टीम घोषित

जिला तैराकी संघ द्वारा 16वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है, इसके लिए सब जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका तैराकी टीम की घोषणा कर दी गई है।

चयनित खिलाड़ियों में अक्षत साव,आराध्या साव, कर्नम प्रत्यूष नायडू, प्रयाण तिवारी, सायकत हल्दार, अन्वीत बागची, हर्षवर्धन सिंह ठाकुर, सिद्धार्थ मिश्रा,आयुष्मान वर्मा, मोहम्मद नोमान, मेधाविनी गुप्ता, रिद्धी रमन झा, पूर्वी सोनी, प्रत्यूष सोनी, प्रियांश सिरिया, आदित्य सिरिया, निखिल पोर्टे, अगस्त्य सिंह, काश्वी अग्रवाल, श्रीजीत नियोगी, युगांक पांडे, हरिका गोस्वामी, मानसी खैरवाल, स्वेक्षा शर्मा, आविसांस वैद्य, अक्षांश साहू, दिव्यांशी धारा, आरोही सिंह ठाकुर, दिव्या पहाड़ी, सिद्धार्थ मिश्रा,अवनीश यादव,अदिति मुखर्जी, शिवांश शिवाय, श्रेयांश केशरवानी, सक्षम जैस्वाल, नायरा जैस्वाल, आरव फड़नवीस, श्रेयांश निमानी एवं आनन्या निमानी शामिल हैं।टीम के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी देवेंद्र सिंह, रुद्राक्ष साहू एवं यश तिवारी को सौंपी गई है। तीनों प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं। जिला तैराकी संघ ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित करेंगे। खिलाड़ियों के भविष्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए खेलप्रेमियों एवं अभिभावकों ने भी अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



## खबर संक्षेप



### राम नाम सप्ताह समिति की बैठक

**तखतपुर।** राम जानकी छोटे मंदिर में श्री राम नाम सप्ताह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विगत वर्ष के आमदनी खर्चे की जानकारी कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्री राम नाम सप्ताह का आयोजन राम जानकी छोटे मंदिर में से 24 अगस्त तक संपन्न होगा। बैठक में कुलवंत सिंह, जनक ताम्रकार, लक्ष्मी गुप्ता संरक्षक, रोहन सिंह ठाकुर अध्यक्ष, शिवनारायण शिवहरे, राजा सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, कमल गुप्ता सचिव, योगेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष, सदस्य राजू शिवहरे, बसंत गुप्ता, नारायण प्रसाद पाली, गोपी मिश्रा, महेंद्र पांडेय, अशोक गुप्ता, प्रमोद सोनी, शालिग्राम सोनी, मंदिर पुजारी रामनारायण पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### लक्ष्मण दास प्रेमानी



**बिलासपुर।** विद्या नगर निवासी स्वर्गीय तोलाराम प्रेमानी पुत्र लक्ष्मण दास प्रेमानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 23 जुलाई को भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अर्जुन दास प्रेमानी के भाई एवं विमल कुमार प्रेमानी के पिता थे।

### सरस्वती बाजपेयी



**बिलासपुर।** मन्नू चौक, टिकरापारा निवासी श्रीमती सरस्वती बाजपेयी का 23 जुलाई को निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 24 जुलाई सुबह 10 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनीष कृष्ण व आशीष कृष्ण बाजपेयी की मां थीं।

### सरला स्वर्णकार



**बिलासपुर।** विनोबा नगर निवासी सरला स्वर्णकार का 23 जुलाई को निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 24 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास विनोबा नगर से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे सूरज स्वर्णकार एवं तृप्ति स्वर्णकार की माता थीं।

### अन्नू ठाकुर



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 2 टिकरीपारा निवासी अन्नू ठाकुर 34 वर्ष का 23 जुलाई को निधन हो गया। वे रमेश ठाकुर के पुत्र, कंवल सिंह ठाकुर के नाती एवं राजेश सिंह ठाकुर के भतीजे थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## कोटा में धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं चलेगा: अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




सभा को संबोधित करते कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव।

कोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी के नेतृत्व में नगर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, जिन छात्रों पर एफआईआर दर्ज की गई है उन्हें वापस लेने की मांग की गई।

कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी समेत क्षेत्र के सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार जो छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अभी तक 152 पेपर लीक हो चुके हैं जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अब जनता केंद्र की भारतीय जनता पार्टी के सरकार के विरोध में सड़क पर उतर आई है। अब देश के युवा अपने भविष्य पर इस तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि कांग्रेस हर उस गलत फैसले का विरोध करती है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करें। उन्होंने केंद्र सरकार की तानाशाही और अहंकार भारी नीतियों के खिलाफ जय स्तंभ चौक कोटा में अपनी आवाज बुलंद की और कहा कि हर समय कांग्रेस छात्रों के साथ और आम जन के साथ खड़ी है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी ने कहा कि महाभारत तब तब दोहराई जाती है जब-जब समाज और वर्ग के सक्षम लोग दर्शक बने रहते हैं। अहंकारी राजा अपने अहंकार के मध्य में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कांग्रेस पार्टी उन छात्र-छात्राओं के साथ खड़ी है यह लड़ाई एक दल की नहीं यह समाज की लड़ाई है। कार्यक्रम में सुरेश चौहान, फूलचंद अग्रहरि, प्रकाश जायसवाल, पार्षद देवेंद्र कौशिक, जनपद सदस्य धर्मेंद्र देवांगन, अली कश्यप, मनोज मरावी, सचिन साहू, जिला कांग्रेस के महामंत्री जयराज दीक्षित जिला उपाध्यक्ष आदित्य दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री बाबा सोनी, संजू चौहान गुरु मानिकपुरी, प्रशांत अग्रहरि, अश्वनी टोडर, अभिनेता साहू, सुनीता, नजर बेगम ,लक्ष्मी बिजवाड़, पवन जयसवाल ,राम लोचन साहू ,कुलवंत सिंह ठाकुर, कमलू कश्यप, आनंद अग्रवाल ,अभिषेक चौहान, अजय चौहान ,विशेष गुप्ता, विनय बड़ी, प्रतीक त्रिवेदी, रामशरण चौहान ,छोटू उपाध्याय ,श्याम यादव ,राम लखन जायसवाल, भोला मेश्राम ,संजय विश्वकर्मा, चिंताराम ध्रुव ,संतोष बघेल, परमेश्वर मिरी, राजू सिदार, बसंत यादव ,चोला रामनायक ,प्रकाश साहू ,शिव धूलिया ,श्रवण निर्मलकर, श्याम लाल केवट, रहस यादव ,हितेंद्र सिंह, अजय बंजारे समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित: लहरिया



**मस्तूरी।** नीट पेपर लीक के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम साहू के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया। जोंधरा चौक में पुतला दहन कर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। इस दौरान विधायक दिलीप लहरिया ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि कार्यकर्त्ता छात्र छात्राओं और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने नीट पेपर लीक प्रकरण में शहीद छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष कौशल पांडेय, शंकर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष भोलाराम साहू, अ. ज. प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, महामंत्री मनोहर कुर्रे, अमित पांडेय, अजय शर्मा किसान अध्यक्ष विनोद सिंह, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, सतकली बावरे, विधायक प्रतिनिधि लखन टंडन, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्त्ता एवं छत्तीसगढ़ रत्न गीतकार आशा सुबोध, सुकृता खुटे, बिंदु जायसी, प्रियंका महानंद, वहिदा खान फरिदा खान, मनोज कौशिक, पिंटु जांगडे, साहिल मधुकर, गोल्डी यादव,राहुल यादव, गजानंद राठौर,राकेश डहरिया,भारत खांडे, उदय भार्गव, रितुराज, रघुराज पांडेय, मनोज कौशिक, वीरू अंचल, साहेब लाल, बलराम घृतलहरे, विजय नामदेव,मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व छात्र शामिल रहे।

## सीपत के नवाडीह चौक पर नारेबाजी



**सीपत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने नवाडीह चौक में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर के नेतृत्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। इस मौके पर मनोज खरे, प्रमोद जायसवाल, विजय गुप्ता, भागीरथी पोरते, वीरेंद्र लैहर्षण, गौतम खरे, बुटन पाटनवार, उमेश चंद्राकर, मुनीर खान, विजय गुप्ता, उमेश कश्यप, दीपक यादव, राकेश लैहर्षण, प्रितेश पनौरे, संदीप खरे, लच्छी वर्मा, सतीश खरे, कार्तिक मेरावी, अर्जुन साहू, रविशंकर मेरावी, रामेश्वर धीवर, भाभा धाविड, छोटू खरे, मोती किशोर जायसवाल, जगदीश कश्यप, वीरेंद्र पाटनवार, रुपेश विश्वकर्मा, सरदार सिंह ठाकुर, बेदप पाटनवार, सुशांत कोरी, दिलीप कुमार वस्त्रकार, सूरज कुमार पत्रवानी, तरुण धीवर, सुरेश सोनझरी, दिलीप बींझवार, नान्ही बींझवार, हिमांचल केंवट, जयप्रकाश श्रीवास आदि मौजूद थे।

## आंखों में मिर्ची पावडर झोंका, मारपीट के तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



**रतनपुर।** पुलिस ने राहगीरों का रास्ता रोककर आंखों में मिर्ची पावडर झोंकने, शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई को ग्राम सेमरी निवासी संतोष यादव ने थाना रतनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पड़ोसी अक्षय प्रेमी के साथ ग्राम पौंसरा धान का बीज लेने गया था। दोनों लौट रहे थे, तभी सेमरा बाजार के पास चेतन ध्रुव और उसके दो साथियों ने उनकी बाइक रोक ली। आरोपियों ने अक्षय प्रेमी की आंखों में मिर्च पावडर झोंक दिया और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे। पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने अक्षय के साथ मारपीट की तथा उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस टीम ने सेमरा (भरारी) में घेराबंदी कर चेतन ध्रुव (20 वर्ष), जागेश्वर प्रसाद साहू (32 वर्ष) एवं आकाश साहू (24 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## पन्नी और मजदूरों की कमी बनी वजह

# 1 लाख पौधों का मिला था लक्ष्य, अब तक केवल 75 हजार बीजों का रोपण



**पथरिया।** वन विभाग मुंगेली द्वारा चालू सत्र में पथरिया वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पथरिया वन डिपो एवं खरसोला नर्सरी में कुल 1 लाख पौधों के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इन पौधों का उपयोग वर्षा ऋतु में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण एवं वितरण के लिए किया जाना है। हालांकि, विभागीय लक्ष्य के विपरीत अब तक केवल 75 हजार पौधों के लिए ही बीज बोए गए हैं, जिससे लक्ष्य अधूरा रह गया है।

जानकारी के अनुसार पथरिया वन डिपो में लगभग 50 हजार तथा खरसोला नर्सरी में मात्र 25 हजार पौधों का उत्पादन कार्य किया गया है। इस प्रकार विभाग अब तक निर्धारित लक्ष्य से 25 हजार पौधे पीछे है, जिससे पौध उत्पादन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में पथरिया रेंजर सुरेश कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि इस सत्र में विभाग द्वारा पथरिया एवं खरसोला वन नर्सिंरी के लिए 1 लाख पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। पथरिया डिपो में 50 हजार पौधों के लिए बीज बो दिए गए हैं, जबकि खरसोला में पॉलीबैग (पन्नी) समाप्त हो जाने और मजदूरों की कमी के कारण केवल 25 हजार पौधों का ही उत्पादन हो सका है। उन्होंने बताया कि आवश्यक सामग्री एवं श्रमिक उपलब्ध होने के बाद शेष 25 हजार पौधों का उत्पादन भी किया जाएगा। हालांकि विभाग की इस दलील पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि वन विभाग में नर्सरी एवं पौध उत्पादन का कार्य सामान्यतः मनरेगा के माध्यम से उपलब्ध कराए गए श्रमिकों से कराया जाता है। ऐसे में मजदूर नहीं मिलने का तर्क कई लोगों के गले नहीं उतर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब श्रमिकों की व्यवस्था मनरेगा के माध्यम से होती है, तब मजदूरों की कमी बताना विभागीय लापरवाही या कार्य में अनियमितता की ओर संकेत करता है।

### कई स्थानों पर बीज बोने का कार्य जारी

गौरतलब है कि पौध उत्पादन का कार्य वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले पूरा कर लिया जाता है, ताकि मानसून के दौरान समय पर पौधों का वितरण और पौधरोपण किया जा सके, लेकिन वर्तमान में भी कई स्थानों पर बीज बोने का कार्य जारी है, जिससे समय पर पौध उपलब्ध कराने को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के बावजूद 25 हजार पौधों का उत्पादन नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक कारणों का खुलासा करने तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।


### शपथ पत्र

मैं अमन अभिषेक पिता श्री अजय कुमार दास वर्तमान निवासी गोकुल नगर वार्ड न. 04. घुरु तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :

1. यह कि मैं शपथकर्ता हूँ तथा उपर्युक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मैंने वी केयर नर्सिंग स्कूल, अंबिकापुर (We Care Nursing School, Ambikapur) से बी.एससी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing) का पाठ्यक्रम (21/10/2015 से 25/02/2020) पूर्ण किया है।
3. यह कि मेरा पंजीकरण छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, रायपुर (Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur) में पंजीकृत है, जिसका विवरण निम्नलिखित है : नाम: अमन अभिषेक (Aman Abhishek) जन्म तिथि: 27/09/1996 रोल नंबर: 16512484 पंजीकरण संख्या: XXXIV - 16062 पंजीकरण तिथि: 03 सितम्बर 2020 RENEWED ON (03/09/2020) VALID UP TO 12/09/2030
4. यह कि मेरा मूल पंजीकरण प्रमाण पत्र एक सप्ताह पूर्व कहीं यात्रा/कार्य के दौरान गुम/खो गया है। मैंने इसे काफी ढूंढने का प्रयास किया, परन्तु यह प्राप्त नहीं हुआ।
5. यह कि मेरे इस पंजीकरण प्रमाण पत्र का किसी भी प्रकार से गलत/अवैध इस्तेमाल नहीं हुआ है और न ही इसे किसी संस्था में बंधक रखा गया है।
6. यदि कि यह भविष्य में मेरा मूल प्रमाण पत्र मिल जाता है तो मैं उसे तुरंत छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर को जमा/लौटा है।
7. यह कि इस डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करवाने हेतु छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बनवा रहा हूँ।

शपथकर्ता
अमन अभिषेक

### न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार मिश्रा पिता रामखिलावन मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम बेलसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा अपने पुत्र निखिल कुमार मिश्रा पिता नंदकुमार मिश्रा के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 05/08/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 21/07/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तखतपुर

### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the general public that M/s Agarwal Trading Company, situated at C-2, Tifra Industrial Area, Bilaspur (Chhattisgarh), presently has the following partners:
1. Mr. Deepak Modi
2. Mr. Ashok Modi

It is hereby informed that Mr. Ashok Modi has retired from the partnership of the firm with effect from 01.04.2025.

Further, Mr. Avinash Modi, son of Mr. Deepak Modi, has been admitted as a new partner of the firm with effect from 01.04.2025.

Accordingly, with effect from 01.04.2025, the partners of M/s Agarwal Trading Company, C-2, Tifra Industrial Area, Bilaspur (Chhattisgarh) are as follows:
1. Mr. Deepak Modi
2. Mr. Avinash Modi

All customers, suppliers, bankers, Government authorities, and all other concerned persons are hereby requested to take note of the above change, update their records accordingly, and conduct all future correspondence and business dealings only with the above-mentioned existing partners.

**For M/s Agarwal Trading Company**
C-2, Tifra Industrial Area
Bilaspur, Chhattisgarh
Date-22.07.2026

### पटवारी हल्का नंबर 16 केंवाछी रा.नि.म. बिल्हा तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना-पत्र**

दिनांक-22/07/2026

1. तुलाराम पिता बिसराम 2. गिरौद धाम मनहर पिता धनाराम 3. उषा कोशले पिता धनाराम 4. पुत्रा कुमारी मनहर पति धनाराम 5. सोनिया खुरे पिता तुकाराम 6. चन्दरबाई पति तुकाराम

विषय :- मौका स्थल पर उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार बिल्हा से प्राप्त ज्ञापन दिनांक 09/07/2026

उपरोक्त विषयांतर्गत आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तुलाराम पिता बिसराम जाति सतनामी निवासी केंवाछी के द्वारा ग्राम केंवाछी प.ह.न.16 तहसील बिल्हा स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1, 252/1, 367, 50, 88/1 क रकबा क्रमशः 0.2430, 0.2190, 0.4540, 0.0810, 0.0040 हे. के खाता विभाजन/स्थल जांच के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार बिल्हा के समक्ष पेश किया गया है। उक्त आवेदन/प्राप्त संदर्भित ज्ञापन के पालन में पूछताछ/जांच किया जाना है।

अत: आप अपने सभी दस्तावेजों के साथ मौका स्थल पर दिनांक 07/08/2026 समय 12:00 से 5:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

उपस्थित नहीं होने पर आप स्वंय जिम्मेदार होंगे अत: आप सभी सूचना जाने।

प.ह.न.16 केंवाछी रा.नि.म. बिल्हा
तहसील-बिल्हा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)











## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## बीईओ ने किया कोटमी के आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**पेण्ड्रा।** जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने गुरुवार को कोटमी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न कक्षों में संचालित अध्यापन कार्य का अवलोकन किया और बच्चों से उनके अध्यापन के बारे में जानकारी ली। जांच में कई गंभीर खामियां मिलीं।

■ अनुपस्थित मिले प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश

स्कूल के प्राचार्य एस के सिंह अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय की साफ-सफाई, बच्चों की कम उपस्थिति और पिछले सत्र के खराब रिजल्ट पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जताई। साथ ही विद्यालय में कैश बुक का संधारण नहीं होने एवं स्कूल की फीस को खाते में जमा न कर शिक्षकों के पास रखने पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की।शिक्षकों के द्वारा डेली डायरी में अध्यापन के बिंदुओं को स्पष्ट नहीं लिखने पर संबंधित शिक्षकों को फटकार लगाते हुए सही तरीके से स्पष्ट उल्लेख करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित समय पर उपस्थित होने, नियमित पठन-पाठन, वित्तीय अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के सख्त निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासकीय स्कूलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान साक्षरता के नोडल आलोक शुक्ला एवं बीआरसी संतोष सोनी मौजूद रहे।

## शब्द पहेली - 6296



बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6295 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | द | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रू | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 6306

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6305 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत पर त्वरित कार्रवाई



लोरमी। ग्राम दाउकापा में एक शिकायत के आधार पर खोदी गई सड़क को पुनः बहाल कर ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया था। कार्य के दौरान वार्ड क्रमांक-13 में सड़क खोदकर पाइपलाइन तो डाल दी गई, लेकिन बाद में सड़क की मरम्मत नहीं होने से मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया। गड्ढों और खराब रास्ते के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड निवासी करन साहू ने समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की। विभाग की त्वरित पहल से वार्ड क्रमांक-13 में सीसी रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर सड़क को पूर्व स्थिति से बेहतर रूप में बहाल कर दिया गया।

### शिवघाट नदी के बहाव में फंसे 4 मवेशी, सुरक्षित बाहर निकाला



भर्रीडांड़। शिवघाट नदी में बाढ़ से बहकर आए 4 मवेशी नदी के बीच पत्थर में फंसे गए। सुबह करीब 09 बजे मिली सूचना पर मरवाही फालकन -1 डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची जिसमें आरक्षक लक्ष्मण नागेश ,चालक हेमंत धनवार, अभिषेक पाण्डेय ,सैनिक रोशन कोटे ने घटनास्थल का जायजा लिया। नदी के बढ़ते जलस्तर में 4 भैसें बीच नदी के बड़े पत्थरों के सहारे फंसकर दर्द से कराह रही थी। डॉयल 112 टीम द्वारा संसाधन एकत्रित कर स्थानीय ग्रामीणों को मदद से टीम बनाकर नदी के पत्थरों में फंसे 4 भैसों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## नीट एग्जाम 2026 में उत्तीर्ण हुए छात्र का किया सम्मान

# सायकल मिलने से स्कूलों में बढ़ेगी बेटियों की उपस्थितिः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने शिक्षा एवं पर्यावरण के प्रोत्साहन को लेकर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरवानी, लिमतरी एवं सेंवार मे आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री कौशिक ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से शुरवात की। इसके पश्चात उन्होंने तीनों विद्यालयों में कक्षा नवमीं की बालिकाओं को शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकलें वितरित की गईं। सरवानी में 60 बालिकाओं सहित लिमतरी 90 एवं सेंवार की 40 बालिकाओं को मिलाकर 190 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। साइकिल मिलने से बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। श्री कौशिक ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रख सकेंगी। इसी क्रम में तीनों स्कूलों के सभी छात्र-छात्राओं को नई पाठ्य पुस्तकें भी वितरित की गईं। समय पर पुस्तकें मिलने से शैक्षणिक सत्र सुचारू रूप से संचालित होगा। इसके साथ ही विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित परिसर का निर्माण करना है।

■ 190 छात्रों को किया साइकिल का वितरण





श्री कौशिक ने सरवानी हायर सेकेण्डरी स्कूल के मेधावी छात्र विष्णु निषाद पिता राजकुमार निषाद को मंच पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विष्णु ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में 720 में से 513 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आकर इस कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कौशिक ने कहा कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं को निःशुल्क सायकल एवं सभी छात्र-छात्राओं को समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। इससे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट की दर में कमी आएगी। वृक्षारोपण के आयोजन से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के प्रति जागरूकता विकसित होगी, जो आने वाली पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही सरवानी हायर सेकेण्डरी स्कूल के विष्णु निषाद द्वारा नीट परीक्षा में 720 में से 513 अंक प्राप्त कर मिली सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेगी।

### व्यापारियों ने किया विधायक कौशिक का अभिनंदन

बिलासपुर। उत्कृष्ट विधायक सम्मान मिलने पर विधायक धरमलाल कौशिक का अभिनंदन फल-सब्जी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को उत्कृष्ट विधायक सम्मान से सम्मानित किए जाने पर फल-सब्जी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा एवं सब्जी संघ के अध्यक्ष मुकेश अघीजा के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सब्जी व्यापारी महासंघ के संरक्षक बंधु मौर्य सचिव राज सोनकर, कुमार साहू, सुशील सलूजा, सोनू किंगरानी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### त्रिलोक ने दी स्व. बिसाहू दास महंत को श्रद्धांजलि



बिलासपुर। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास बेलतरा व बिलासपुर के कांग्रेसजन के साथ स्व. बिसाहू दास महंत के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने चांपा, सक्ती, कोरबा एवं जांजगीर में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोगियों सहित छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न द्रष्टा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान कोरबा के सांसद डॉक्टर ज्योत्सना चरण दास महंत, सूरज दास महंत विधायक शेषराज हरबंस, व्यास कश्यप, आशीष सिंह ठाकुर सहित किशोर घोरे, मनोज शुक्ला, महेश नारायण मिश्रा, मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, मुकेश बंजारे, प्रकाश सिंह ठाकुर, पवन सिंह ठाकुर, नरेंद्र कश्यप, रामप्रसाद चंद्राकर, चंद्र प्रकाश केसरवानी, शुभम श्रीवास, अमन साहू, चरण सिंह राज, कौशल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सोनी, आयुष सिंह राज, रवि सूर्यवंशी, हृदेश कश्यप, कामरान खान, मोहसिन खान, राहुल गोरख, मंगल बाजपेई, पंडित जितेंद्र शर्मा, जीतू कृष्ण श्रीवास, राम लखन जायसवाल, मकसूदन साहू, सूरज कश्यप, सोनू कश्यप, धनंजय कश्यप, प्रशांत काशी, सुखदेव तिवारी, लक्ष्मी यादव, राजेश यादव, ओमप्रकाश श्रीवास, राहुल श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास, हर्ष कश्यप, जैक्सन एंथोनी, रोहन महानंद, दिनेश ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री स्व. महंत को पुण्यतिथि पर किया गया याद



पेंड्रा। पूर्व मंत्री स्व. बिसाहू दास महंत की 48वीं पुण्यतिथि पर पेंड्रा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रदेश, समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि स्व. महंत जन-जन के नेता, विकास पुरुष और समाज के अंतिम व्यक्ति के हितों के लिए संघर्ष करने वाले कर्मयोगी थे। इस अवसर पर मरवाही के पूर्व विधायक के.के. ध्रुव, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, अशोक शर्मा, सुखदेव ग्रेवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, मरवाही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दया वाकरे, जयदत्त तिवारी, बेचू अहिरेस, नफीस खान, सादिक खान, शंकर पटेल, जलेश सिंह, प्रेमवती कोल, मैकू भारिया, आयुष मान शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सायकल भविष्य का रास्ता तय करने का माध्यमः माधवी



तखतपुर। शासकीय उच्चतर माध्यिमक शाला मोछ में आयोजित साईकिल वितरण कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार शामिल हुई। उन्होंने कहा कि यह एक वितरण कार्यक्रम नहीं है। यह छात्राओं के उज्जवल भविष्य के आगे बढ़ने के लिए एक रास्ता है। कार्यक्रम में 65 बालिकाओं को साईकिल वितरीत की गई तथा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार सिंगरौल ने की। इस मौके पर जनपद सदस्य शाला समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल सिंगरौल, विशिष्ट अतिविशिष्ट अतिथि प्राचार्य विनीता सिंह, नीलू कमल कश्यप, देवा सिंगरौल, ओंकार सिंगरौल, राजकुमारी महेंद्र सोनी, संतोष गौरहा, संतोष सिंगरौल, बदनलाल नवरंग, कौशल साहू, सुखदेव सिंगरौल, विजय यादव, सुनीता विश्वास, संतोष मरावी, विजय सिंगरौल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खेत में कब्जा को लेकर दो पक्षों में मारपीट

तखतपुर। खेत में कब्जा करने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार जरेली निवासी मधुर सिंह पोर्ते का पुत्र 22 जुलाई की सुबह 10 बजे खेत में धान रोपाई का काम कर रहा था तभी गोविंद नेताम और गोपाल सिंह नेताम ने खेत में जबरदस्ती कब्जा करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।



वहीं सोपालू नेताम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले तीन वर्षो से मधुर सिंह पोर्ते उसके खेत की कब्जा करना चाह रहा है और मना करने पर विवाद करता है इसी बात को लेकर फिर 22 जुलाई को सुबह 10 बजे जब बात हुई तो मधुर सिंह पोर्ते ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## मरवाही में अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई, 2 ट्रैक्टर जब्त

भर्रीडांड़। कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए मरवाही क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण स्थल को सील किया गया तथा अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरवाही के सिवनी चौक में अवैध रेत भंडारण की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त हुई थी। शिकायत के परीक्षण उपरांत संबंधित भंडारणकर्ता को 15 जुलाई 2026 को वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम 2009 के तहत मौके पर ही अवैध भंडारण स्थल को सीलबंद कर दिया गया। इसी प्रकार मरवाही एवं पिपरिया क्षेत्र में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।






## खबर संक्षेप

### व्यवसायी की कार चोरी दूसरे दिन लावारिस मिली

**बिलासपुर।** घर के सामने व्यवसायी की कार चोरी हो गई। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दूसरे दिन उनकी कार कोटा कोरी डेम के पास दुर्घटनाग्रस्त हालत में लावारिस मिली है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रोहणी विहार निवासी व्यवसायी नमन अग्रवाल पिता अरूण कुमार अग्रवाल के ड्राइवर धर्मेन्द्र शास्त्री 15 जुलाई की रात 11.30 बजे उनकी हुण्डई वरना कार क्रमांक सीजी 10 बीपी, 0618 को घर के सामने खड़े किया था। 16 जुलाई की सुबह 7 बजे श्री अग्रवाल घर से बाहर निकले तो उनकी कार चोरी हो गई थी। पतासाजी के दौरान उनकी चोरी गई कार कोटा कोरीडेम के पास दुर्घटनाग्रस्त हालत में लावारिश खड़ी मिली। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पीछे सरकारी बिल्डिंग, सामने शेड में दलालों की लंबी लाइन** नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन सहित विभिन्न कामों का ठेका यहीं से

# जिला प्रशासन की नाक के नीचे तहसीली में बेजा कब्जा, बैठ रहे दलाल

**बिलासपुर।** प्रशासन की नाक के नीचे तहसील कार्यालय में बेजा कब्जा कर दलालों ने अपनी दुकानदारी के लिए पक्की जगह बना रखी है। पीछे तहसील के रिकार्ड रूप के अलावा विभिन्न कार्यालय भवन स्थापित हैं, जबकि सामने टीन के शेड में दलालनुमा लोग कब्जा जमाए बैठे हैं। इस बात की जानकारी अधिकारियों को बरसों पहले से है, लेकिन किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं करने की मजबूरी समझ से परे है।

जमीन का सीमांकन कर बेजा-कब्जा हटाने की जिम्मेंदारी जिस विभाग के जिन अधिकारियों के ऊपर है, वे खुद अपनी ही जमीन नहीं बचा पा रहे हैं। तहसील कार्यालय परिसर में एसडीएम व तहसीलदार की नाक के नीचे लोगों के द्वारा टेंट व टीने का शेड लगाकर अवैध कब्जा कर विगत लंबे समय से अपनी दुकानदारी की जा रही है। इनमें से



किसी भी व्यक्ति के पास जिले के किसी भी अधिकारी का विधिवत लिखित आदेश नहीं है। हैरत की बात यह है कि तहसीली व अनुभाग कार्यालय में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार अवैध निर्माण कर दुकान चलाने वालों के सामने से ही रोज गुजरते हैं, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी अधिकारी की न तो इन पर नजर पड़ी, और न ही किसी भी तरह की कार्रवाई ही की जा सकी है।

### पहले टेंट, फिर शेड और अंत में पक्का निर्माण

तहसील कार्यालय परिसर में कोई भी अवैध निर्माण सीधे पक्के का नहीं हो गया है। सबसे पहले कब्जाधारियों के द्वारा बांस-बल्ली में कपड़े से टेंट व टटरा लगाकर अवैध कब्जे की शुरूआत की जाती है। इसका ताजा उदाहरण अभी तहसील कार्यालय के गेट पर ही देखा जा सकता है। यहां देवभोग के ठीक बाजू में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा पक्षकारों की सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए लूटल कैफे को सशर्त स्थान उपलब्ध कराया था। इसके उलट यहां पक्षकारों के लिए स्थापित वॉशरूम में न केवल ताला लग गया है, बल्कि तंबू व नेट लगाकर टेंट के भीतर टेबल-कुर्सी सजाकर दुकानदारी चालू कर दी गई है।

### आरआई व पटवारियों की शहरी 'दुकान'

बिलासपुर अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पदस्थ आरआई व पटवारी अपनी पदस्थापना वाली जगह पर अपने ऑफिस में तो पूरे दिन दुकानदारी करते ही हैं, लेकिन शहर में तहसील परिसर भी इनकी दुकानदारी का प्रमुख स्थान है। यहां संलग्न सारे दलाल उन्हीं के राईट व लेफ्ट हेंड हैं। दलालों के द्वारा पक्षकारों से एडवांस राशि व काम लेकर एक निर्धारित समय पर यहां प्रतिदिन बैठने वाले संबंधित आईआई व पटवारीयों को दे दिया जाता है। पैसों का लेनदेन भी दलाल ही करते हैं। काम पूरा हो जाने के बाद आदेश की कॉपी देते ही अपना कमीशन रखकर शेष राशि आगे बढ़ा दी जाती है।

### की जाएगी कार्रवाई

तहसील कार्यालय परिसर में कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जे किए गए हैं। इन लोगों ने परिसर में शेड या टेंट लगाकर दुकानदारी करने के संबंध में कहीं से भी किसी भी तरह की अनुमति नहीं ली है। प्रकरण संज्ञान में है। हटाने की कार्रवाई जरूर की जाएगी।

-मनीष कुमार साहू, एसडीएम बिलासपुर

### जगह-जगह से सीसी रोड उधड़ने लगा, कई जगहों पर पड़ने लगे गड्ढे

# डेढ़ साल पहले बनी सड़क की हालत हो गई खराब, बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रुपए खर्च कर नगर निगम द्वारा निराला नगर से कश्यप कालोनी तक बड़ा नाला और इसके ऊपर सड़क बनाई गई थी। इस निर्माण को हुए अभी डेढ़ साल ही हो पाया है और यहां की सीसी रोड खराब होने लगी है। सड़क पर गड्ढे होने से इस इलाके में रहने वाले लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं।

कई सालों तक कश्यप कालोनी के लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा था। इसके साथ ही जर्जर खराब सड़क उनके लिए मुसीबत बनी हुई थी। नाला व सड़क निर्माण होते तक तो यहां के एक-एक गली की हालत खराब थी और लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया था।

पुराना बस स्टैंड वार्ड नंबर 33, 34 निराला नगर से कश्यप कालोनी होकर जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा नाला निर्माण कराया गया है। बरसात के दिनों में जल भराव और पानी निकासी की समस्या को देखते हुए यहां काफी चौड़ा नाला बनाया गया, जिसके चलते यहां की पूरी सड़क खोद दी गई थी। चौड़ाई अधिक होने के कारण बीच-बीच में नाला को ब्लाक कर ढलाई का काम कराया गया था। कश्यप कालोनी के गली नंबर तीन में पूरी सड़क को खोदा गया था। नाला के वॉल बनाने के बाद नाला के ऊपर स्लैब ढलाई कर चौड़ा कांक्रीटयुक्त सड़क का निर्माण कराया गया। इसी तरह बस स्टैंड की तरह शुरू में पुलिया के पास से नाला को जोड़ा गया था। यह काम पूरा हुए अभी डेढ़ साल ही बीता है और इस बरसात में नाला ऊपर की सड़क से लेकर गली नंबर 3 व 4 की सड़क भी खराब होने लगी है। कई जगह से सीसी रोड के गिट्टी उधड़ने लगे हैं और गढ्ढे भी पड़ने लगे हैं।



निराला नगर से कश्यप कालोनी नाले के ऊपर बनी सड़क की हालत खराब।



### 7 करोड़ 59 लाख की लागत

पुराना बस स्टैंड से जवाली नाला तक नगर निगम द्वारा 15 फीट बड़े नाला का निर्माण किया गया है। कुल 757 मीटर लंबा नाला का निर्माण कराया गया है। कश्यप कालोनी में 6 फीट नाला को 15 फीट चौड़ा और नया बनाया गया है। पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में कश्यप कालोनी, निराला नगर होते हुए जवाली नाला तक 7 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से 1057 मीटर नाला का निर्माण तीन पार्ट में कराया जाना था।

### आधे शहर के पानी की निकासी नाले से

बस स्टैंड कश्यप कालोनी का नाला शहर के 12 वार्डों से जुड़ा हुआ है। लगभग आधे शहर का पानी पुराना बस स्टैंड के पास नाला से होकर गुजरता है। बरसात के दिनों में पानी निकासी की समस्या होती थी, क्योंकि कई जगहों पर जल भराव होता है। इसी जल भराव और पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए यहां पर नाला का निर्माण कराया गया है।

### भारी वाहन भी जिम्मेदार

कश्यप कालोनी आवासीय एरिया है, किन्तु अब यहां व्यावसायिक काम्पलेक्स और बहुत सी दुकानें खुल गई है। इन दुकानों में सामान लेकर रात में भारी वाहन आते हैं। इन भारी वाहनों के आवाजाही भी नाला की सड़क खराब होने का एक कारण बताया जा रहा है।

### जानकारी नहीं है

जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए पुराना बस स्टैंड से कश्यप कालोनी तक चौड़ा नाला और सड़aक का निर्माण कराया गया था। नाला ऊपर की सड़क खराब होने की जानकारी नहीं है, लेकिन इंजीनियर से इस बारे में पता करवाता हूं।

-राजकुमार मिश्रा
सीई, नगर निगम

### मछली मारते मछुवारा शिवनाथ नदी में बहा



**बिलासपुर।** मछली मारने के दौरान मछुवारा शिवनाथ नदी में बह गया है। एसडीआरएफ की टीम नदी में तलाश करते रहे। अंधेरा होने पर टीम नदी से बाहर निकल गई है। पचपेड़ी टीआई कमला पुसाम ने बताया, ग्राम जोंधरा निवासी सुखदेव केंवट पिता व्यासनारायण केंवट 28 साल 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे पडरिया शिवनाथ नदी में उतरकर मछली मार रहा था। पिछले कुछ दिनों से नदी उफान में चल रहा है। गहराई में जाने से सुखदेव केंवट नदी में बह गया। लोगों की सूचना पर पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ की टीम मछुवारे की नदी में तलाश करने में लगी हुई थी। पानी का बहाव अधिक होने से उसका पता नहीं चल पाया है। अंधेरा होने पर टीम नदी से बाहर निकल गई है। पतासाजी के दौरान पुलिस को सूचना मिली जांजगीर जिला में एक व्यक्ति को नदी में बहते जाते देखा गया है। बहरहाल 24 जुलाई को पुलिस एसडीआरएफ की टीम फिर से मछुवारे की तलाश करेगी।

# राजमिस्त्री पर धारदार हथियार से किया हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे की हालत में घर के पास आने से मना करने पर नशेड़ी ने राजमिस्त्री पर धारदार हथियार से हमला कर दिया है। घायल मिस्त्री को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



घायल।

कोनी पुलिस के अनुसार, बिरकोना निवासी राजमिस्त्री नरेन्द्र यादव पिता स्व. बद्री प्रसाद यादव 23 जुलाई को सुबह 11 बजे घर के पास खड़ा था और बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान संदीप साहू नशे की हालत में बच्चों के पास जा रहा था। उसने संदीप को नशे की हालत में घर के पास आने से मना किया तो नशेड़ी ने उसके साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया और भाग गया। घायल मिस्त्री को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मिस्त्री की रिपोर्ट पर हमलावर नशेड़ी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### राजमिस्त्री नाले में गिरा, मौत

चप्पल निकालने के फेर में राजमिस्त्री नाले में गिर गया। एसडीआरएफ की टीम ने एक घण्टा खोजकर उसे बाहर निकाला। राजमिस्त्री को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया, ग्राम विंध्यसर निवासी हेतराम साहू उर्फ मुकेश पिता शिवकुमार साहू 38 साल राजमिस्त्री का काम करता था। 23 जुलाई को शाम 4.30 बजे वह गांव का नाला उफान में चलने पर एनीकट की पुलिया में बैठकर पानी देख रहा था। इसी दौरान उनके पैर एक चप्पल नाला में गिर गया। चप्पल निकालने के फेर में वह नाला में गिर गया। गांव वालों की सूचना पर सकरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ की टीम कांटा डालकर नाले में राजमिस्त्री के तलाश में जुट गई। एक घण्टे बाद राजमिस्त्री हेतराम को बाहर नाले से बाहर निकाला गया।

### अवैध शराब ले जाते ग्रामीण गिरफ्तार

बाइक में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली एक ग्रामीण अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री करने के लिए जा रहा है। उन्होंने घेराबंदी करते हुए धमनी निवासी रामाधार सूर्यवंशी 60 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 40 पाव देशी शराब मिला। पुलिस ने शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# 3 लाख रुपए का गांजा तस्करी करते पकड़ी गई महिला

**बिलासपुर।** जीआरपी की टीम ने गांजा तस्करी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 3 लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है।

■ आरोपी महिला सेनगांव हिंगोली महाराष्ट्र निवासी है

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि हावड़ा से अहमदाबाद के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक महिला गांजा लेकर महाराष्ट्र तक सफर कर रही है। सूचना पर जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक आरके बोर्झा, प्रधान आरक्षक अरविल तिर्की, इंद्रजीत सिंह बघेल, आरक्षक अवधेश मिश्रा, सरोज कुमार साव, रोहित कुमार साहु, शुभम उपाध्याय ने ट्रेन के स्टेशन पहुंचने के बाद घेराबंदी कर महिला आरोपी सेनगांव हिंगोली महाराष्ट्र निवासी शेख सकीलाबी पति सलाम शेख 48 साल को पकड़ा। महिला के पास रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमें 3 लाख रुपए का गांजा रखा हुआ मिला। महिला आरोपी के पास गांजा जब्त कर 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# रिटायर्ड रेलवेकर्मी से 77 हजार की आनलाइन ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 200 रुपए का रिचार्ज करने के फेर में रिटायर्ड रेलवेकर्मी से 77 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, अन्नपूर्णा कालोनी निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी रविन्द्र घोष ने 19 जुलाई को अपने एयरटेल मोबाइल नम्बर में गुगल पे के माध्यम से 200 रुपए का रिचार्ज किया, लेकिन रिचार्ज नहीं हुआ। उन्होंने 20 जुलाई को लिंक रोड स्थित नारायण प्लाजा एयरटेल आफिस जाकर पता किया तो उन्हें बताया गया उनका पुराना रिचार्ज प्लान समाप्त हो गया है। उन्हें नया रिचार्ज प्लान बताया जाएगा, रात 12 बजे तक प्रतीक्षा करने की सलाह दी गई। शाम 4 बजे एक व्यक्ति उन्हें फोन कर स्वयं को एयरटेल कंपनी का कर्मचारी बताकर रिचार्ज समस्या समाधान के लिए वाट्सएप के माध्यम से कस्टमर स्पोर्ट एपीके एप भेजा। उन्होंने एप खोला तो उनके बैंक खाते से पहले 38 हजार, दूसरी बार में 39 हजार कुल 77 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया है। पुलिस ने श्री घोष की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।


हरिभूमि बिलासपुर में नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार

द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

## संभागायुक्त ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

# तखतपुर मार्ग के निर्माण कार्यों की धीमी गति पर इंजीनियर को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में संभागायुक्त सुनील जैन ने समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनहित के कार्यों में पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

श्री जैन कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रत्येक शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने तथा उसका पृथक पंजी संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने अधूरी एवं क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिलासपुर-मुंगेली एवं तखतपुर मार्ग के निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर संबंधित इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई। संभागायुक्त ने आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता, एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बैगा बच्चों को आवश्यकता आधारित कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने क्रेडा के माध्यम से सोलर पंप एवं सोलर उपकरणों की मरम्मत का प्रशिक्षण भी स्थानीय युवाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, एसडीएम श्रीमती रेखा चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



बैठक लेते संभागायुक्त।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया सम्मान



शिक्षा, सुशासन और उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मिशन 90 प्लस अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों सहित बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूल के प्राचार्यों के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग के उत्कृष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर संभाग के आयुक्त सुनील जैन रहे। संभागायुक्त ने सम्मानित सभी विद्यार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सम्मान केवल उपलब्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि बेहतर कार्य करने की नई प्रेरणा और बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से प्राप्त सफलता समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनती है। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभाओं से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की निरंतरता बनाए रखते हुए जिले के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देने कहा।

### डिसमेंटल किए जा रहे जर्जर स्कूल भवनः कलेक्टर

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि जिले में जर्जर स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर उन्हें चरणबद्ध तरीके से ध्वस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त किया। संभागायुक्त ने बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता से बदलने, पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध रखने तथा लो-वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि केवल पात्र हितग्राहियों को ही योजना का लाभ मिले। विवादित भूमि पर आवास स्वीकृत होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में मुंगेली जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। एक दिवसीय प्रवास पर जिला पहुंचे संभागायुक्त सुनील जैन ने गीधा बायपास रोड पर पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की और लगभग दो किलोमीटर मार्ग पर अमलतास के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री जैन ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे विकसित होने वाला हरित आवरण पारिस्थितिक संतुलन को मजबूत करेगा, प्रदूषण कम करेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ और सुखद वातावरण उपलब्ध कराएगा।

### नगोई स्कूल में बांटी गई टाई-बेल्ट और पानी की बोतलें



**तखतपुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय नगोई मे सरपंच हरप्रसाद ने सभी बच्चों को पानी बाटल प्रदान किया एवं हेडमास्टर सीमा राज द्वारा टाइ, बेल्ट प्रदान किया गया। एनजीओ वर्कर नीतेश कौशिक ने विद्यालय के बच्चों को दो ड्राइंग किट देने की भी कहा। सभी शिक्षकों ने भी बच्चों को न्योता भोजन कराया एवं सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने हेतु भी सुझाव भी दिया गया। हेड मास्टर द्वारा बताया गया की सरपंच द्वारा विद्यालय में हर तरह का सहयोग किया जाता है। उनके द्वारा वर्तमान में विद्यालय परिसर की सुरक्षा हेतु गेट लगवाने की जानकारी दी गई। शाला परिवार की ओर से शिक्षिका भुनेश्वरी ध्रुव, पुष्पलता शुक्ला, राजेश कौशिक, दीपा कश्यप एवं शाला प्रबंधन अध्यक्ष नर्मदा महदेवा उपस्थित रहे।

### बुढ़ीखार स्कूल के 63 छात्राओं को साइकिल वितरित



**मल्हार।** शासकीय सरदार तारासिंह बुद्धसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार में बुधवार को शासन के योजनानुसार पात्र 63 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे ने कहा कि इससे छात्राओं को सुविधा मिलेगी समय की बचत होगी। जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना से आज छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। मंडल अध्यक्ष रंजीत ठाकुर ने कहा कि बच्चे साइकिल से अपनी समय को बचत कर स्कूल अध्यापन के लिए आ जा सकते हैं, इससे उनको पढ़ने में और अधिक समय मिलेगा। लोकनाथ बंजारे ने कहा कि साइकिल वितरण बच्चों की पढ़ाई के प्रति गति प्रदान करेगी इससे बच्चे शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देंगे। संस्था के प्राचार्य काशीराम रजक ने कहा कि शासन की योजना के अनुसार निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण निश्चित रूप से स्कूल की छात्राओं को पढ़ाई के प्रति जागरूक बनाएगी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मिथला थवाईत ने कहा कि संस्था में छात्राओं की संख्या में वृद्धि के साथ शिक्षा के स्तर में भी सुधार हो रहा है, जो गर्व का विषय है। इस अवसर पर साइकिल वितरण प्रभारी कुमारी श्याम यादव, कल्पना टंडन, श्वेता सेमुएल, पुष्पा देवी पाण्डेय, सुनीता मरावी, प्रकाश कौशिक, रमेश कुमार कुर्रे, रूपेंद्र सिंह महिलांगें, बीरबल प्रसाद थवाईत, किरण राय, ज्योत्सना सोनी, बहुरा डोंगरे सहित सभी शिक्षक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पात्र छात्राओं के पालक उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल जोता में 26 छात्राओं को मिली साइकिल




**पथरिया।** शासकीय हाई स्कूल जोता में बुधवार को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अन्य पिछड़ा वर्ग की पात्र 26 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत मुंगेली की सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य अनिला देवेंद्र राजपूत उपस्थित रहीं। वहीं जनपद पंचायत पथरिया की अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जागड़े, ग्राम पंचायत जोता के सरपंच जवाहर लाल मरावी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सिलतरा टीकाराम वर्मा तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सतानंद यादव ने छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वही कार्यक्रम में सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य, पंचगण, गणमान्य नागरिकों में हरवंश सिंह वर्मा एवं तीरथराम निषाद सहित बड़ी संख्या में पालक, छात्र-छात्राएं और विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### हड़गांव स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन



**लोरमी।** ग्राम हड़गांव में छात्र-छात्राओं को मतदान की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए चुनाव संपन्न कराए गए एवं बाल कैबिनेट का गठन कर चयनित मंत्रियों को दायित्व सौंपा गया। छात्र छात्राओं द्वारा प्राप्त बहुमत के आधार पर कक्षा आठवीं के छात्र अभय कश्यप को शालानायक एवं बाल केबिनेट में प्रधानमंत्री बनाया गया। मानवी साकत को उप शालानायक एवं उपप्रधानमंत्री चुना गया। साहिल नवरंग शिक्षामंत्री एवं आरुती नवरंग स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री बनाए गये। पल्लवी पोर्ते, साहिल कश्यप, और मानसी कश्यप को क्रमशः आठवीं, सातवीं, और छठवीं का कक्षा नायक चुना गया। प्रतीक्षा ध्रुव खाद्यमंत्री, रघुकुल यादव जल एवं पर्यावरण मंत्री, दीपांजली सेन पुस्तकालय प्रभारी एवं शीला ध्रुव को वित्तमंत्री बनाया गया। चुनाव संपन्न होने और नया दायित्व पाकर सभी बच्चें खुश हुए। पीठासीन की भूमिक शिवकुमार जायसवाल, रवीन्द्र कुमार वैष्णव, गुहाराम ध्रुव, जुगल किशोर राजपूत एवं शशिकुमार कश्यप ने निभाई।

### आजाद की जयंती पर एबीबीपी ने किया माल्यार्पण



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर गुरुवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और छात्र-छात्राओं ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में जिला संयोजक श्रेयांश पांडेय ने विद्यार्थियों को चंद्रशेखर आजाद के जीवन, उनके संघर्ष और देश की आजादी में दिए गए योगदान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद मात्र 15 वर्ष की आयु में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे। अदालत में पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता और पता जेलखाना बताया था। उनका साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। नगर मंत्री आदित्य चतुर्वेदी ने भी विद्यार्थियों को आजाद के जीवन संघर्ष से अवगत कराते हुए उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### मरवाही में 3 नए एल्डरमैन को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**मरवाही।** नगर पंचायत मरवाही के विकास कार्यो को गति देने और प्रशासनिक निर्णयों में सहयोग के लिए 3 एल्डरमैन नियुक्ति किए गए। नगर पंचायत कार्यालय में पार्षद प्रमोद गुप्ता, कैलाश प्रसाद सोनी और निर्मल कुमार चतुर्वेदी को एल्डरमैन के पद पर मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रवण कुमार मरपच्ची ने की जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष मधुबाबा गुप्ता एवं अन्य कांग्रेस के पार्षद ने इस शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाई। जबकि कांग्रेस की परवीन शेख एवं हरीश कुमार एवं निर्दलीय पार्षद नीरज गुप्ता ने हिस्सा लिया एवं नवमनोनीत एल्डरमैन को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शपथ ग्रहण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही निकिता मरकाम द्वारा कराया गया।




एसडीएम ने तीनों नवमनोनीत एल्डरमैन को संविधान और नगर पंचायत अधिनियम के अनुरूप कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में किशनसिंह ठाकुर, राकेश सिंह दीक्षित, शंकर चक्रधारी, डॉ.लुसन सिंह, विभा सिंह नहरेल, गंगोत्री राठौर, अनिता गुप्ता सहित पार्षद प्रवीन शेख, अमर गुप्ता, बीजेपी नेता दयाचंद पोर्ते, जमुना जायसवाल, डॉ. शिवप्रताप राय, हरीश लहरे, हेमंत शुक्ला, अश्वनी चतुर्वेदी और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

### डीवीआई स्मार्ट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला

**जरहागांव।** डीवीआई स्मार्ट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न वृक्षों एवं पौधों का स्वांग रचकर मंच पर अपनी मनोहारी प्रस्तुति दी।

हरे-भरे वृक्षों की वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं, सहज अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि वृक्ष सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। इसके उपरांत विद्यालय परिसर में स्कूल मित्रों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर एस. रानी, पीआरओ मनीषा त्रिपाठी, इवेंट कोऑर्डिनेटर रश्मि पांडेय, स्कूल मित्र सविता कुर्रे, सीमा कश्यप, ललिता कश्यप, सविता साहू एवं सावित्री कश्यप सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### पेट्रोल भराकर लौट रहे दो युवकों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत

**कोरबा।** बाइक सवार दो युवक अपने गांव से पेट्रोल भरवाने के लिए हाटी गए हुए थे। जहां से वापस लौट के दौरान कुदमुरा चचिया के बीच में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपर्द कर दिया है। जबकि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मामला करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चचिया की है यहां निवासरत राहुल उरांव उम्र 20 वर्ष अपने साथी लोकेश राठिया 25 वर्ष के साथ सुबह लगभग 9:00 बजे अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर पेट्रोल भरवाने हाटी गए हुए थे। जहां लगभग सुबह 10:30 बजे दोनों पेट्रोल भरवा कर वापस बाइक में अपने घर चचिया लौट रहे थे, कि ग्राम कुदमुरा व तौलीपाली के बीच कोसाबाड़ी आम रोड पर पहुंचे थे कि करतला की ओर से जा रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 डीसी 3566 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दो मोटर साइकिल दो टुकड़ों में विभक्त हो गई जबकि बाइक में सवार राहुल उरांव और लोपेश राठिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर करतला थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर दोनों मृतकों की शव को परिजनों के सुपूर्द किया गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक मौके पर ही टेलर को छोड़कर फरार हो गया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की बनाए रखें पारदर्शिता



**बिल्हा।** नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर में आयोजित शांति पूर्ण प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में से बहुत से छात्रों को गंभीर चोटें आई जिसके विरोध में कांग्रेस ने शनिचरी बाजार में विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख तीन मांगें रखी गई धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, परीक्षाओं में अनियमितता व विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा, छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लिया जाए। इस अवसर पर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक, विमल अग्रवाल, नानक रेलवानी, संदीप यादव, रोहणी नौबतका, विपिन राजपाल, लालू सन्नाट, हजारी लाल भारद्वाज, वीरेंद्र कौशिक, घनश्याम डहरिया, हासिम खान, लाला यादव,राजा वर्मा जगन्नाथ धुरवंशी,रूपेंद्र वर्मा,योगेश कौशिक राजू ध्रुव, राहुल राजपूत, मनहरण सोरी सहित अन्य मौजूद थे।

### सरकार के विरोध में कांग्रेस का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन



**जरहागांव।** गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्रों के आंदोलन का समर्थन करते हुए उनकी मांगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से आम जनता, किसान, युवा और छात्र वर्ग लगातार प्रभावित हो रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर, दिलीप बंजारा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तारणि विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू, टेकलाल निर्मलकर, महामंत्री सतीश यादव, उत्तरा अनंत, विनय, राजेंद्र, नानक कश्यप, ओंकार, मदन पटेल, मकराल यादव, धुनी कश्यप, नवीन कश्यप, पार्षद अजय मन्नाडे, आकाश कुर्रे, ईश्वर चतुर्वेदी, रवि यादव, कन्हैया कश्यप, नवल कश्यप, अशोक जायसवाल, केशव अंचल, निहाल मशीह, अंकित मशीह, कपूरचंद आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी द्वारा छात्रों एवं युवाओं के भविष्य की रक्षा हेतु,एवं कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना कार्यक्रम में लल्ला सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष, कृष्णा सोनी, प्रदीप दुबे, नीतेश पाठक , पवन अग्रवाल, मनीष त्रिपाठी ,परमेश्वर गुप्ता, मायारानी सिंह, खुशबू वैष्णव, लता वैष्णव, बिन्दु यादव, आकाश वैष्णव, श्वेता पाठक, सगीरा खान, नीतेश चतुर्वेदी, शान सोनी, गगन निषाद,अनुराग चतुर्वेदी,पुष्कर, व्यारेलाल कैलाश श्रीवास, सुरेन्द्र लहरे, हेमन्त मानिकपुरी, बजरंग बजारा, डीपी लहरे, प्रकाश कुमार, मेन कुमार भार्गव, धनंजय दुबे, शशांक वैष्णव , धनऊ माथुर, लोचन राजपूत, सुनील मनोज, दुर्गेश श्रीवास, विमल चतुर्वेदी, रामप्रकाश यादव, रामजी ध्रुव, देवा मार्को, रीतेश, सौरभ भार्गव, हिमांशु जायसवाल, राजा तिवाठी, अशोक मरकाम, रामशरण खाडेकर आदि मौजूद थे।

### छात्रों पर लाठी चार्ज लोकतांत्रिक अधिकारों का दमनः वर्मा



**पथरिया।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश मिरी के नेतृत्व में नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है। इस मौके पर जिला महामंत्री संपत जायसवाल, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, दिलीप कौशिक एवं कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मुकेश मिरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद धर्मेंद्र श्रीवास, नेतराम साहू, एजाज अहमद, उमेश सोनी, रामखेलावन साहू, ओंकार यादव, संतोष पाली, वहाब खान, मनोज निषाद, अभिषेक सिंह यादव, शौरभ शुक्ला, मुकेश साहू, कृष्णा साहू, त्रिलोकी वर्मा, घसिया लहरें, रसीद खान, सेवा वर्मा, शिव घृतलहरे, टीकाराम यादव, रतिराम ओगरे, मानस लोधी, ओमप्रकाश राजपूत, रोशन राजपूत, चुन्नी यादव, तुलसीराम सोनवानी आदि उपस्थित थे।

### छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास चिंताजनकः सुभाष



**रतनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को महामाया चौक में धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। धरना-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। धरना-प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि रियाज खोखर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद जायसवाल, शीतल जायसवाल, मदन कहरा, पार्षद सुनील अग्रवाल, पुष्पकांत कश्यप, रामफल श्रीवास, संतोष सोनी, अभिषेक मिश्रा, सुधीर दुबे, जितेंद्र चंदेल, सैफ अली, राकी अनुरागी, नीलिमा सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।